# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
## राष्ट्रीय सेवा योजना

0731–2523770 email Id :- conssdavv@gmail.com

क्रमांक / रासेयो / कार्या. / 2018–19 / 1072 दिनांक :– 04 / 02 / 2019

प्रति,

प्राचार्य / निदेशक / विभागाध्यक्ष
रा.से.यो. युक्त संस्थाऐं
(पोषित एवं स्व–पोषित इकाईयाँ)
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विषय :– नियमित गतिविधि एवम् विशेष शिविरों के आयोजन हेतु।

महोदय / महोदया,

सत्र 2018–19 समाप्ति की ओर है, आपकी संस्था द्वारा आयोजित की गई नियमित गतिविधियों का सम्पूर्ण हिसाब दिनांक 28 फरवरी 2019 तक अनिवार्यतः रा.से.यो. प्रकोष्ठ देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर भेजने का कष्ट करें, जिससे आपके लेखा का अंकेक्षण करवाकर आपको भुगतान किया जा सके।

इसी प्रकार यदि आपकी संस्था द्वारा सत्र 2018–19 में विशेष शिविर का आयोजन कर लिया गया है, तो सम्पूर्ण व्यय लेखा दिनांक 28 फरवरी 2019 से पूर्व भेजने का कष्ट करें। जिससे शिविर में किये गये व्यय अंकेक्षण पश्चात् भुगतान किया जा सके और यदि शिविर का आयोजन नही किया गया है तो तत्काल शिविर प्रस्ताव विश्वविद्यालय भिजवाकर शिविर का आयोजन कर व्यय लेखा दिनांक 28 फरवरी 2019 तक भेजने का कष्ट करें।

किसी संस्था के सत्र 2017–18 के नियमित व शिविर से व्यय लेखे अभी तक भी प्रस्तुत नहीं किये है वे भी दिनांक 28 फरवरी 2019 से पूर्व लेखे विश्वविद्यालय भेजने का कष्ट करें, जिससे उनके भुगतान की कार्यवाही प्रारम्भ की जा सके।

**दिनांक 28 फरवरी 2019 के पश्चात् लेखे स्वीकार नहीं किये जावेंगे।**

संलग्न :– आय–व्यय लेखा प्रपत्र।

भवदीय

(डॉ. प्रकाश गढ़वाल)
कार्यक्रम समन्वयक, रासेयो,
देवी अहिल्या वि. वि. इन्दौर

प्रतिलिपि :–

(1) राज्य एन.एस.एस. अधिकारी म.प्र.शासन, उच्च शिक्षा विभाग भोपाल की ओर सूचनार्थ।
(2) क्षेत्रीय निदेशक, एनएसएस, क्षेत्रीय निदेशालय, ई–1 / 123, अरेरा कॉलोनी, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
(3) समस्त रा.से.यो. जिला संगठक अपने–अपने जिले का समन्वय कर गतिविधियों का आयोजन करावें तथा लेखा दिनांक 28 फरवरी 2019 से पूर्व विश्वविद्यालय भिजवाने का कष्ट करें।
(4) निज सचिव मा. कुलपति देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर की ओर सूचनार्थ।
(5) निज सहायक कुलसचिव देवी अहिल्या विश्वविद्यायल, इन्दौर की ओर सूचनार्थ।

कार्यक्रम समन्वयक, रासेयो,
देवी अहिल्या वि. वि. इन्दौर